तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 28.0° |
| इंदौर | 23.0° | 28.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 28.0° |
| ग्वालियर | 26.0° | 33.0° |
| सागर | 22.0° | 29.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 265, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल द्वादशी संवत् 2083
सोमवार, 24 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




राजधानी... बाढ़ प्रभावितों की सुरक्षा सर्वोपरि, हर व्यक्ति तक...

खेल... फाजिल्का फाल्कन्स की कप्तानी को लेकर उत्साहित ...

व्यापार... यूपीआई ग्राहकों की जेब सुरक्षित एमडीआर का बोझ...

देश-विदेश... अमेरिका को कनाडा का जवाब, 8 सितंबर ...


# अंतरिक्ष में ईंधन और दवा बनाने की तैयारी

**पीएम मोदी से बातचीत में संस्थापकों ने बताई भविष्य की योजनाएं**

**स्काईरूट हर महीने रॉकेट लॉन्च करने की दिशा में अग्रसर**



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 20 स्पेस स्टार्टअप्स के संस्थापकों से बातचीत कर अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित हो रही नई तकनीकों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान स्टार्टअप्स ने सैटेलाइट री-फ्यूलिंग, अंतरिक्ष कचरा हटाने वाले रोबोट और अंतरिक्ष में दवाइयां बनाने जैसी परियोजनाओं के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जोखिम लेने वाले उद्यमियों को पूरा सहयोग देगी और देश के स्पेस सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता जारी रखेगी। यह बातचीत 21 अगस्त को हुई थी, जिसका वीडियो 23 अगस्त को जारी किया गया।

हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस ने बताया कि उसने भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण के बाद अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाई है। कंपनी ने तीन फैक्ट्रियां तैयार कर ली हैं, जिनमें हर महीने एक रॉकेट बनाने की क्षमता है। कंपनी का लक्ष्य आने वाले समय में हर महीने एक रॉकेट लॉन्च करने के बाद हर सप्ताह और फिर प्रतिदिन कई रॉकेट प्रक्षेपित करने का है। भारतीय स्पेस स्टार्टअप्स कई अत्याधुनिक तकनीकों पर काम कर रहे हैं। इनमें अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स में ईंधन भरने के लिए स्पेस पेट्रोल पंप, खराब हो चुके सैटेलाइट्स को हटाने वाले रोबोटिक यान और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में दवाइयां बनाने वाली सैटेलाइट तकनीक शामिल हैं।

स्टार्टअप्स ने बताया कि अंतरिक्ष में बनने वाली दवाइयां अधिक शुद्ध और सटीक हो सकती हैं, क्योंकि वहां गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव नहीं होता। इसके अलावा भारतीय कंपनियां सैटेलाइट इंजन, ग्राउंड स्टेशन नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय लॉन्च सेवाओं के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जिससे दुनियाभर के वैज्ञानिक और इंजीनियर स्पेस सेक्टर में अवसरों के लिए भारत की ओर आकर्षित हों। स्पेस तकनीक के माध्यम से कृषि क्षेत्र में भी बदलाव की तैयारी है। सैटेलाइट डेटा की मदद से करीब 10 लाख किसानों को मौसम, मिट्टी की नमी और फसल स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने की योजना है।

# 24 क्रू सदस्यों वाला मालवाहक जहाज डूबा



**नईदुनिया ब्यूरो, भुवनेश्वरः** ओडिशा के पारादीप तट से करीब 240 समुद्री मील दूर बंगाल की खाड़ी में शनिवार को एक मालवाहक जहाज डूब गया। पनामा के झंडे वाले एमवी ओशन विनर जहाज पर 24 क्रू सदस्य सवार थे। हादसे के बाद दो लोगों को बचा लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, जहाज ओडिशा से लौह अयस्क लेकर सिंगापुर जा रहा था। यह शुक्रवार को ओडिशा तट से रवाना हुआ था। क्रू सदस्यों में 20 चीन के नागरिक, तीन म्यांमार और एक बांग्लादेश का नागरिक शामिल था। हादसे की सूचना मिलने के बाद भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय नौसेना ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। आसपास मौजूद अन्य जहाजों को भी अलर्ट किया गया है और राहत कार्य में सहयोग के लिए कहा गया है। जहाज के डूबने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। हादसे के समय बंगाल की खाड़ी में मौसम की स्थिति सामान्य नहीं थी। मौसम विभाग ने उत्तर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना जताई थी, जिससे समुद्र में हालात खराब हो सकते हैं।

## खास-खबरें

### अमेरिका में भारतीय मूल के कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**वॉशिंगटन, एजेंसीः** अमेरिका के टेनेसी राज्य के जैक्सनविले शहर में भारतीय मूल के कारोबारी सुरेश पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना 20 अगस्त को उनकी दुकान में हुई। पुलिस के अनुसार, एक नकाबपोश बदमाश लूट के इरादे से दुकान में पहुंचा था। उसने नकदी लेने के बाद सुरेश पटेल पर गोली चला दी। घटना के समय उनकी 19 वर्षीय बेटी भी दुकान में मौजूद थी, जिसने पूरी वारदात अपनी आंखों के सामने देखी। गोलीबारी में दुकान का एक कर्मचारी भी घायल हुआ है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

### मुंबई में 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा गिरी, दो लोगों की मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः** मुंबई के भुलेश्वर इलाके में शनिवार रात 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में पांच और सात साल की दो बच्चियां भी शामिल हैं। हादसा प्रतिमा के आगमन समारोह के दौरान हुआ। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, प्रतिमा लालबाग से भुलेश्वर लाई जा रही थी। पंडाल से करीब 50 से 60 मीटर पहले प्रतिमा के पीछे लगा वेल्डिंग सपोर्ट टूट गया। इससे प्रतिमा का संतुलन बिगड़ गया और वह आगे मौजूद लोगों पर जा गिरी। हादसे के बाद प्रतिमा तीन हिस्सों में टूट गई। सूचना मिलने पर पुलिस, दमकल, यातायात पुलिस, एंबुलेंस और नगर निगम की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट दर्ज की है। मृतकों की पहचान संकेत नेवशे और बृजेश हेमंत जोशी के रूप में हुई है। संकेत नेवशे भुलेश्वरचा राजा गणेश मंडल के अध्यक्ष थे।

# पूजा ओला ने 1500 मीटर दौड़ में जीता 'स्वर्ण'




**भुवनेश्वर में 4 मिनट 17 सेकंड का समय निकालकर हासिल किया पहला स्थान**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** साई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भोपाल की एथलीट पूजा ओला ने भुवनेश्वर में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इंडिया इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

22 अगस्त को हुई 1500 मीटर दौड़ में पूजा ने 4 मिनट 17 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। पूजा ने पूरी दौड़ के दौरान अपनी लय बनाए रखी। अंतिम चरण में उन्होंने शानदार गति के साथ प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस सफलता में साई सीआरसी भोपाल में चल रहे नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतियोगिताओं के अनुभव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने पूजा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केंद्र और भारतीय एथलेटिक्स के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पूजा ने मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास के दम पर यह सफलता हासिल की है।

पूजा के कोच सौरभ कुमार यादव ने बताया कि रेस के दौरान पूजा ने तय रणनीति के अनुसार प्रदर्शन किया। उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अंतिम चरण में अपनी गति को प्रभावी तरीके से बढ़ाया। 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीतकर पूजा ओला ने भारतीय मिडिल डिस्टेंस एथलेटिक्स में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह उपलब्धि उनके करियर की महत्वपूर्ण सफलताओं में शामिल हो गई है।

# राहुल महिला आरक्षण लागू कराएँः स्मृति

**33 प्रतिशत आरक्षण और पूरे वंदे मातरम का करें समर्थन**




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** भाजपा महासचिव स्मृति ईरानी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से देश में महिला आरक्षण लागू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी महिलाओं के समर्थन में हैं तो उन्हें 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू कराने का समर्थन करना चाहिए। स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी से पूरे वंदे मातरम के गायन का भी समर्थन करने को कहा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम में देवी दुर्गा का आह्वान करने वाली पंक्तियां भी शामिल हैं। गौरतलब है कि संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इस कानून के लागू होने को लेकर आगे की प्रक्रिया पूरी की जानी है। स्मृति ईरानी का यह बयान राहुल गांधी के पुणे में आयोजित छात्रों के कार्यक्रम के बाद आया है। इस कार्यक्रम में राहुल गांधी ने लड़कियों से पितृसत्ता को खत्म करने की दिशा में काम करने की बात कही थी। भाजपा महासचिव ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को लेकर समर्थन केवल बयानों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे लागू करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

# स्कूल से घर लौट रहे तीन बच्चों की नदी में बहने से मौत



**नईदुनिया ब्यूरो, रायपुरः** छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्कूल से घर लौट रहे तीन बच्चे घोंघा नदी के तेज बहाव में बह गए। रविवार को तीनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। उत्तरप्रदेश के कई जिलों में भी बारिश और नदियों का जलस्तर बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रदेश के 19 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बाराबंकी जिले में करीब 1,250 ग्रामीणों के लिए नाव ही आवागमन का एकमात्र साधन बनी हुई है। लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सतना जिले में बाइक सवार तीन लोग नाले के तेज बहाव में बह गए। इनमें से दो लोगों को बचा लिया गया, जबकि एक व्यक्ति अभी लापता है। वहीं, पन्ना जिले में उफनती नदी में एक डंपर बह गया।

# यश की फिल्म के कार्यक्रम में हादसा, चार लोग घायल

**मंच पर संबोधन के दौरान टूटा ढांचा, पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ दर्ज किया मामला**



**नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः** हैदराबाद के मेडचल स्थित मल्ला रेड्डी यूनिवर्सिटी में शनिवार रात अभिनेता यश की फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के प्री-रिलीज कार्यक्रम के दौरान हादसा हो गया। कार्यक्रम में लगे साउंड बॉक्स सिस्टम का ढांचा गिरने से चार लोग घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, अभिनेता यश मंच से प्रशंसकों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक साउंड बॉक्स के स्टैंड पर चढ़ गए, जिससे अचानक ढांचा गिर गया। इस दौरान उस पर मौजूद लोग नीचे गिर गए। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक, एक छात्र के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद अभिनेता यश ने अपनी बात रोककर घायलों का हाल जाना और कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने मामले में विश्वविद्यालय प्रबंधन और कार्यक्रम आयोजक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की जांच जारी है।

# जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, 37 लोग घायल

**टोक्यो, एजेंसीः** जापान की राजधानी टोक्यो और आसपास के कांतो क्षेत्र में रविवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप में कम से कम 37 लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गई है। अधिकारियों के अनुसार, भूकंप का केंद्र इबाराकी प्रांत के दक्षिणी हिस्से में था। यह जमीन से करीब 68 किलोमीटर की गहराई में आया। कई इलाकों में भूकंप के झटके करीब एक मिनट तक महसूस किए गए। भूकंप के बाद प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारियों ने अगले एक सप्ताह तक इसी तरह के तेज भूकंप आने की आशंका को देखते हुए सावधानी बरतने को कहा है। जापानी अधिकारियों के अनुसार, इस भूकंप के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं है और इसके लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। राहत और सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# पाकिस्तान एयरबेस पर उतरे तुर्किए के सैन्य विमान

**सी-130 हरक्यूलिस के पहुंचने के बाद ड्रोन और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति को लेकर चर्चा तेज**



**इस्लामाबाद, एजेंसीः** पाकिस्तान के एयरबेस पर तुर्किए के सैन्य विमान पहुंचने के बाद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। रिपोर्टों के अनुसार, तुर्किए के सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमानों ने पाकिस्तान के एयरबेस पर लैंडिंग की है।बताया जा रहा है कि पाकिस्तान और तुर्किए के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर कई स्तरों पर काम चल रहा है। इसी क्रम में तुर्किए से सैन्य उपकरणों और ड्रोन तकनीक से जुड़ी आपूर्ति की बात सामने आई है। सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान दुनिया के कई देशों में सैनिकों और सैन्य सामग्री के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इन विमानों के पाकिस्तान पहुंचने को दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य संपर्क के रूप में देखा जा रहा है। पाकिस्तान लंबे समय से अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयास कर रहा है। वहीं, तुर्किए भी रक्षा उत्पादन और ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में अपनी क्षमता बढ़ा चुका है। दोनों देशों के बीच पहले भी सैन्य प्रशिक्षण, उपकरण और तकनीकी सहयोग को लेकर समझौते होते रहे हैं। हालांकि, तुर्किए से आने वाले सैन्य उपकरणों और ड्रोन की आपूर्ति से जुड़ी विस्तृत जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। दोनों देशों की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### खराब मौसम : झील के पास हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**नईदुनिया ब्यूरो, भंडाराः** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में रविवार को खराब मौसम के कारण एक हेलीकॉप्टर की झील के पास आपात लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर में चार लोग सवार थे और घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अधिकारी के अनुसार, निजी कंपनी का यह हेलीकॉप्टर नागपुर से रायपुर जा रहा था। सुबह करीब 11 बजे कम दृश्यता के कारण पायलट ने भिसारी झील के पास इसे उतारने का फैसला किया। कुछ देर झील के ऊपर मंडराने के बाद हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। करीब एक घंटे बाद मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर वापस नागपुर के लिए रवाना हो गया।

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के चार लोगों की मौत

**सेवानिवृत्त शिक्षक, पत्नी और बच्चों की मौत की जांच में जुटी पुलिस और सीआईडी**



**ढाका, एजेंसीः** बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक हिंदू परिवार के चार सदस्य संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। मृतकों में सेवानिवृत्त शिक्षक गणपति चक्रवर्ती, उनकी पत्नी प्रीतिलता चक्रवर्ती, बेटी आगमी चक्रवर्ती प्रार्थी और 12 वर्षीय बेटा प्रियम चक्रवर्ती शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात दासपाड़ा इलाके में स्थित बंद घर से चारों के शव बरामद किए गए। परिजनों ने बताया कि गुरुवार दोपहर के बाद परिवार से संपर्क नहीं हुआ था और उनके मोबाइल फोन भी बंद थे। इसके बाद शनिवार रात परिजन घर पहुंचे, जहां मुख्य गेट बंद मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और शव बरामद किए। रंगपुर मेट्रोपॉलिटन पुलिस, सीआईडी और डिटेक्टिव ब्रांच ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल मौत के कारणों और घटना के क्रम की जांच की जा रही है। गणपति चक्रवर्ती रंगपुर जिला स्कूल में शिक्षक थे और पिछले वर्ष सेवानिवृत्त हुए थे। परिजनों के मुताबिक, उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। पुलिस मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रही है।

**स्पेशल खबर** ईरान ने कहा- अमेरिका रुख सुधारे तभी खुलेगा रास्ता, ट्रंप के दावे को किया खारिज...

# होर्मुज को लेकर ईरान-अमेरिका आमने-सामने



**तेहरान, एजेंसीः** ईरान ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य तभी खोला जाएगा, जब अमेरिका अपना रुख बदलेगा और किए गए वादों को पूरा करेगा। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख मोहसिन रेजाई ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने बातचीत के दौरान धोखा दिया है। रेजाई ने कहा कि अमेरिका को पहले अपनी जिम्मेदारियां पूरी करनी होंगी, इसके बाद ही होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अमेरिकी आर्थिक दबाव के सामने नहीं झुकेगा।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को 'नया अमेरिकी इलाका' बताया गया है। इससे पहले भी ट्रंप ने 18 अगस्त को इसे अमेरिकी क्षेत्र बताने की बात कही थी। ईरान ने इस दावे को खारिज कर दिया है।

रेजाई ने कहा कि ईरान पर अमेरिकी हमले से दुनिया में परमाणु हथियारों को लेकर चिंता बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई से अन्य देशों में भी परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा बढ़ सकती है। रेजाई के अनुसार, ईरान परमाणु अप्रसार संधि का सदस्य है और अपने परमाणु कार्यक्रम की अंतरराष्ट्रीय जांच कराता रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में शामिल है। इसका उत्तरी हिस्सा ईरान के नियंत्रण में है, जबकि दक्षिणी हिस्सा ओमान के मुसंदम क्षेत्र से जुड़ा है। फारस की खाड़ी से निकलने वाले जहाज इसी मार्ग से अरब सागर और हिंद महासागर की ओर जाते हैं। इस समुद्री रास्ते से खाड़ी देशों से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की ऊर्जा आपूर्ति भी काफी हद तक इसी मार्ग पर निर्भर है। अमेरिका यहां अपने युद्धपोत और नौसैनिक बल तैनात रखता है। उसका कहना है कि इसका उद्देश्य समुद्री व्यापार और सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

वहीं, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि ईरान युद्ध नहीं चाहता और बातचीत के जरिए समस्याओं का समाधान निकालना चाहता है। उन्होंने कहा कि ईरान किसी दबाव में नहीं आएगा, लेकिन समझदारी और बातचीत के जरिए रास्ता निकाला जा सकता है।